ज़ुल्म के खिलाफ़ आवाज़

Postal Regd. No.:MNW/308/2019-21

वर्ष : ०५ | अंक : १५ | मुंबई, शुक्रवार, १५ मार्च से २१ मार्च २०१९ | RNI No. : MAHHIN/2014/59999 | पृष्ठ : ४ | मूल्य : २/- रुपये

सामजिक कार्यकर्ता इरफ़ान भड़ौची को समाज रत्न पुरस्कार

दिनांक ९ मार्च २०१९ को एफएम बैंक्वेट हॉल ८ -बी उद्योग नगर कामत क्लब लेन सवामी विवेकानंद रोड गोरेगांव पश्चिम मुंबई ४००१०४ में राष्ट्रीय मानवाधिकार और सामाजिक न्याय आयोग की जानिब से महिला दिवस मनाया गया इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय मानवाधिकार और सामाजिक न्याय आयोग की जानिब से आंतरराष्ट्रीय महिला दिन के मौकेपर समाजके विभिन्न वर्ग के प्रतिस्थीत कार्यकर्ताओ को ' समाज रत्न पुरस्कार ' से सम्मानित करते हुए ऐम आई पटेल और डॉक्टर मेहताब राय और अन्य महानुभाव उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में सामजिक कार्यकर्ता इरफ़ान भड़ौची को समाज रत्न पुरस्कार ऐम आई पटेल दुवारा दिया गया.

स्मृति ईरानी का आरोप भ्रष्टाचार कांग्रेस की देन है दिल्ली में स्मृति ईरानी ने पत्रकार सम्मेलन में दिया बड़ा बयान

रॉबर्ट वाड्रा और राहुल गाँधी को स्मृति ईरानी ने घेरा

स्मृति ईरानी का आरोप कहा भाई बेहेन और जीजा ने मिलकर फॅमिली भारष्टर किया है. स्मृति ईरानी ने आज एक पत्रकार सम्मेलन में कहा की हमारे राष्ट्र में पिछले ७० सालों में यह माना गया है कि संस्थागत भ्रष्टाचार कांग्रेस की राष्ट्रीय देन है लेकिन लगभग २४ घंटे में विविध समाचार सूत्रों के माध्यम से जनता के समुख जो नए तत्व आए हैं वह इस बात को दर्शाते हैं कि किस प्रकार से गांधी वाड्रा परिवार ने पारिवारिक भ्रष्टाचार को परिभाषित किया है. एक समाचार सूत्र के माध्यम से राष्ट्र के पास जानकारी पहुंची है की एचएल पहवा नाम के एक सज्जन जिनके यहां ईडी ने छापा मारी की, ईडी के छापा मारी में राहुल गांधी के साथ लेनदेन के कुछ दस्तावेज पाए गए जमीन की खरीदारी से संबंधित इन दस्तावेजों में यह बात उभरकर आई केएचएल पहवा की उनके साथ राहुल गाँधी का किया आर्थिक संबंध है हरियाणा में राहुल गांधी एचएल पहवा से जमीन खरीदते हैं जमीन की खरीद-फरोख्त में राहुल गांधी के प्रतिनिधि महेश नागर बनते है.

पत्रकार मित्रों को याद होगा यह वहीं महेश नागर है जिन्होंने रॉबर्ट वाड्रा के लिए भी हरियाणा और राजस्थान में जमीनी खरीदी थी. पत्रकारों को यह भी याद होगा कि यह वही महेश नागर है जिन के संदर्भ में हरियाणा और राजस्थान की खरीदी हुई जमीन के बारे में रॉबर्ट वाड्रा पर जाँच पड़ताल चल रही है जो तत्य समाचार सूत्रों के माध्यम से प्रस्तुत हुवी जानकारी में श्रीमती वाड्रा का भी उल्लेख है.

एचएल पहवा के साथ जमीन की खरीदी फरोख्त ना सिर्फ राहुल गांधी ने की बल्कि श्रीमती वाड्रा के संदर्भ में भी कागजात पाए गए. एचएल पहवा के यहां रेड में हुई जिन दस्तावेजों के बारे में समाचार सूत्रों से राष्ट्र को जानकारी मिली उसमें चौंकाने वाली बात यह थी. कि एच एल पहवा के पास जमीन की खरीद फरोख्त के लिए पर्याप्त मात्रा में पैसे नहीं थे ५० करोड़ से ज्यादा एचएल पहवा को राहुल गांधी और श्रीमती वाड्रा की जमीन की खरीद-फरोख्त के लिए पैसे दिए एक सज्जन जिनका नाम सीसी थंपी है. आप सबको याद होगा सीसी थंपी पर भी वर्तमान में जाँच चल रहि है सीसी थंपी की मित्रता रॉबर्ट वाड्रा हथियार डीलर संजय भंडारी के साथ स्थापित हो चुकी है कल जो दस्तावेज आम जनता में प्रस्तुत हुए हैं इसमें अब साफ नजर आता है कि यूपीए की सरकार के वक्त पेट्रोलियम के संबंधित एक सौदे में और रक्षा से संबंधित एक सौदे में संजय भंडारी व सी सी थंपी के तार जुड़े हुए है पेट्रोलियम और रक्षा सौदे की जांचो में पैसों का खेल ना सिर्फ रॉबर्ट वाड्रा तक पहुंचा बल्कि अब देश जान पाया है की जीजा जी के साथ साले साहब भी इस फैमिली पैकेट भ्रष्टाचार में लिप्त है. आज इन तत्थियो को पढ़ने के बाद जनता शायद समझ पाई के डिफेंस के सौदौ में राहुल गांधी विशेष रूचि क्यों ले रहे हैं इनका रुचि मात्र राजनीति नहीं. बाल्कि आर्थिक व पारिवारिक भी है राहुल गांधी जी को अब जनता को बतलाना होगा के एचएल पहवा के साथ उनके श्रीमती वाड्रा के विशेषठ संबंध जमीन के मुद्दे पर क्यों है कांग्रेस को टाइम्स ऑफ इंडिया की एक विशेष रिपोर्ट २०१२ में जो निकली उसमें जो विश्लेषण हुआ महेश नागर का उसके संदर्भ में यह भी जवाब देना पड़ेगा कि क्या महेश नागर के भाई ललित नागर को खरीद-फरोख्त में भ्रष्टाचार के संधर्ब में शिष्टाचार को देखते हुए किया कांग्रेस ने हरियाणा में विशेष टिकट दी थी अब तक यह माना जाता था कि संजय भंडारी जो आर्म्स डीलर है उनका संबंध मात्र रॉबर्ट वाड्रा के साथ है लेकिन अब देश की जानकारी में आया है कि यह संबंध रॉबर्ट वाड्रा के साले साहब राहुल गांधी तक भी पहुंचता है भ्रष्टाचार में जीजा साले की क्या मिलीभगत है संजय भंडारी सीसी थंपी एचएल पहवा के साथ जो समाचार सूत्र के माध्यम से राष्ट्र में प्रस्तुत हुए हैं इस पर अब राहुल गांधी को देश को जवाब देना होगा.

मोबाइल है वोटर का हथियार

चुनाव आयोग ने साफ-सुथरे चुनाव कराने में जनता की भागीदारी बढ़ाने के लिए दो ऐप भी जारी किए हैं। एक ऐप जिसका नाम 'सीविजिल' है आम नागरिकों के लिए हैं। दिव्यांगों के लिए विशेष ऐप पीडब्ल्यूडी लॉन्च किया गया है। अपने मोबाइल पर इन ऐप को डाउन लोड करके कोई भी वोटर अपने मोबाइल को चुनावी धांधली रोकने का हथियार बना सकता है। इन ऐप के जरिए चुनाव से जुड़ी शिकायत सीधे चुनाव आयोग को भेजी जा सकती है।

चाहें तो पहचान गुप्त रखें

इन दोनों ऐप में इस बात की व्यवस्था है कि शिकायतकर्ता चाहे तो अपनी पहचान गुप्त रख रख सकता है। इस ऑप्शन का चुनाव करने वाले शिकायतकर्ता का मोबाइल नंबर और पहचान रेकॉर्ड नहीं किया जाता, सिर्फ उसकी शिकायत दर्ज की जाती है और उस पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है।

फोटो-विडियो को बनाएं सबूत

चुनाव आयोग ने शिकायतों के ज्यादा असरदार बनाने और दोषियों पर शिकंजा कसने के लिए मोबाइल में जीपीएस, लोकेशन मैपिंग, कैमरा और विडियो कैमरे को नागरिकों का हथियार बनाने का काम किया है। सीविजिल ऐप को एंड्रॉयड मोबाइल में डाउनलोड करके शिकायत के सबूत के तौर पर मौके पर ही फोटो खींचकर या २-३ मिनट का विडियो बनाकर ऐप के जरिए भी भेजा जा सकता है।

इन बातों की शिकायत करें

वोटरों को पैसे बांटने, शराब या नशीली चीजों का वितरण, हथियार जमा करने या हथियारों का उपयोग करने, वोटरों को डराने धमकाने, भड़काऊ भाषण देने, पेड न्यूज, फेक न्यूज, वोटरों को ललचाने के लिए चीजें बांटने, वोटरों को मतदान केंद्र तक लाने के लिए फ्री वाहन उपलब्ध कराए जाने, उम्मीदवार की संपत्ति के बारे में और चुनाव आचार संहिता के किसी भी उल्लंघन से जुड़ी कोई भी शिकायत सीविजिल ऐप के जरिए की जा सकती है।

टोल फ्री नंबर

सरकारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि चुनाव संबंधी जानकारी पाने और शिकायत दर्ज कराने के लिए एक विशेष कक्ष और दो टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर १९५० और १८००१११९५० भी कार्यरत किए हैं। इस नंबर पर फोन करके वोटर बनने अथवा आचार संहिता भंग होने अथवा चुनाव में सीमा से ज्यादा पैसे खर्च किए जाने की शिकायत की जा सकती है।

CST रेलवे स्टेशन के पास फुटओवर ब्रिज गिरा

दो महिलाओं की मौत, २३ लोग घायल

जाफर शेख

मुंबई : मुंबई के सीएसटी इलाके में फुटओवर ब्रिज गिर गया है. सीएसटी (छत्रपति शिवाजी टर्मिनल) के उत्तरी छोर के पास बना फुटओवर ब्रिज गिरा है. आधिकारिक खबर के मुताबिक इस हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई है जिनके नाम रंजना और अपूर्वा बताए जा रहे हैं. ब्रिज हादसे में २३ लोग घायल हो गए हैं. घटना स्थल पर कई लोगों के फंसे होने की खबरें आ रही हैं. पुलिस हादसे की जगह पर पहुंच गई है. एंबुलेंस में घायलों को अस्पताल भिजवाया जा रहा है. सीएसटी रेलवे स्टेशन के पास बने इस फुटओवर ब्रिज को बने हुए काफी समय हो गया है. सीएसटी के प्लेटफॉर्म नंबर एक को ये पुल सड़क से जोड़ता है. इस तरफ बनाया गया ये एकमात्र पुल है जो सेंट्रल रेलवे की ओर से बनाया गया था और बताया जा रहा है कि पुल पर काफी भीड़भाड़ थी. आशंका है कि फुटओवर ब्रिज पर करीब १०० लोग मौजूद थे. फुटओवर ब्रिज का करीब ६० फीसदी हिस्सा गिर गया है और इसका मलबा सड़क पर जा रही गाड़ियों पर भी जा गिरा. शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक सामने आया है कि २३ में से ५ घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है. शाम साढ़े सात बजे के करीब इस पुल के गिरने की खबर आई है. ये पुल बीएमसी द्वारा बनाया गया था. लोग लोकल ट्रेन पकड़ने के लिए इस पुल का इस्तेमाल करते हैं और अचानक ब्रिज के गिरने के बाद वहां अफरातफरी मच गई.सेंट जॉर्ज अस्पताल और जीटी अस्पताल में २३ घायलों को भर्ती कराया गया है और वहां से ५-६ घायलों के गंभीर होने की बात सामने आई है. घटनास्थल से मलबे को हटाने का काम जारी है. अभी भी मलबे में कुछ लोगों के दबे होने की आशंका है. सेंट जॉर्ज अस्पताल में १० लोग और जीटी हॉस्पिटल में १३ लोगों को भर्ती कराया गया है. मुंबई पुलिस ने भी ट्वीट कर इस हादसे की जानकारी दी है.



फरेरा की जमानत के खिलाफ पुलिस का हलफनामा

आसिफ खान

मुंबई : महाराष्ट्र पुलिस ने बुधवार को मुंबई उच्च न्यायालय से कहा कि कोरेगांव-भीमा हिंसा और माओवादियों के साथ संबंध रखने के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए सामाजिक कार्यकर्ता 'सरकार को उखाड़ फेंकने' के भाकपा (माओवादी) के मंसूबे को पूरा करने के लिए दलितों को लामबंद कर रहे थे। पुणे के सहायक पुलिस आयुक्त शिवाजी पवार ने आरोपियों में एक: अरुण फरेरा की जमानत अर्जी का विरोध करते हुए अदालत में दाखिल किए गए हलफनामे में यह बात कही है। पुलिस ने फरेरा के अलावा अन्य आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया था जिनमें वर्नोन गोंजालविस, सुधा भारद्वाज, वी वरवर राव, गौतम नवलखा और आनंद तेलतुम्बडे आदि हैं। फरेरा और गोंजालविसस ने बाद में जमानत अर्जी लगाई थी, जो बुधवार को न्यायमूर्ति पी.एन.देशमुख के समक्ष आई।

मछुआरों के मसले पर सरकार को लताड़

मुंबई : मुंबई उच्च न्यायालय ने बुधवार को महाराष्ट्र की तटीय मार्ग परियोजना से प्रभावित मछुआरों के लिए कोई पुनर्वास योजना लेकर नहीं आने पर राज्य सरकार की खिंचाई की। मुख्य न्यायाधीश एन.एच.पाटील और न्यायमूर्ति एन.एम.जामदार की खंडपीठ दो मछुआरा संगठनों द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें तटीय मार्ग परियोजना को लेकर चिंताएं जताई गई थीं। इस परियोजना में दक्षिण मुंबई के मरीन ड्राइव क्षेत्र को उपनगर कांदिवली से जोड़ने का प्रस्ताव है।

पिछली सुनवाई में, अदालत ने राज्य मत्स्य आयुक्त को दो याचिकाकर्ता संगठनों 'वर्ली कोलीवाडा नखवा' और 'वर्ली मच्छीमार सर्वोदय सहकारी सोसायटी' के प्रतिनिधियों से चर्चा करने का निर्देश दिया था। बुधवार को सरकारी वकील पूर्णिमा कंथारिया ने अदालत में बैठक का ब्योरा सौंपा, जिसके बाद अदालत ने कहा कि सरकार ने प्रभावितों के लिए अब तक पुनर्वास योजना तैयार नहीं की है। मुख्य न्यायाधीश पाटील ने कहा कि 'परियोजना से प्रभावित करीब ७०० मछुआरा परिवारों के लिए आपकी (सरकार की) क्या योजना है/ आप उन्हें क्या सहायता देंगे/ जब सरकार ने इतनी बड़ी परियोजना शुरू करने का फैसला किया है, तो प्रभावितों का पुनर्वास करना आपकी जिम्मेदारी है'।

पीठ ने इस मामले में आगे की सुनवाई के लिए १९ मार्च की तारीख तय की और तब तक सरकार को अपनी पुनर्वास योजना के बारे में अदालत को बताना होगा। कथारिया ने कहा, 'हालांकि मछुआरों को मछली पकड़ने से नहीं रोका गया है, लेकिन मछुआरों को इसके लिए समुद्र में चार से ७ नॉटिकल मील तक जाना पड़ता है'। न्यायाधीश जामदर ने कहा, 'निर्माण गतिविधियों से मछली पालन प्रभावित होगा'।

याचिका में यह भी बताया गया है कि इस प्रस्तावित परियोजना पर काम करने से पहले बीएमसी या राज्य सरकार ने मछुआरों से कोई बातचीत नहीं की।

आईपीएस (सेवामुक्त कैट में विचाराधीन) पंकज चौधरी ने किया लोकसभा चुनाव लडने का एलान

आसिफ खान

जयपुर : आईपीएस पंकज चौधरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बड़ा धमाका करते हुए लोकसभा चुनाव लड़ने का ऐलान किया पश्चिमी राजस्थान की किसी भी लोकसभा से चुनाव लड़ने का ऐलान अप्रैल फर्स्ट वीक में इसकी घोषणा करेंगे किस पार्टी से चुनाव लड़ना है पत्रकारों से खुलकर बोले आईपीएस पंकज चौधरी की घोषणा से राजनीति में आया भूचाल राजनीतिक गलियारों में हलचल बड़ी दबंग आईपीएस पंकज चौधरी व इमानदार और दबंग छवि रही है.भारतीय पुलिस सेवा से बर्खास्त हुए राजस्थान कैडर के ध्ह्ए अधिकारी पंकज चौधरी ने अब राजनीति का दामन थामने का फैसला किया है । चौधरी ने मीडिया के सामने खुद इसका खुलासा किया और कहा कि पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर-जैसलमेर, जालोर-सिरोही,

पार्टी की घोषणा अप्रैल माह मे करेंगे!!

राजस्थान के दबंग एव चर्चित भारतीय पुलिस सेवा के सेवा विमुख आईपीएस पंकज चौधरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके की आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने की घोषणा

जोधपुर, पाली, नागौर, बीकानेर व गंगानगर-हनुमानगढ़ में से किसी एक सीट से लोकसभा चुनाव में प्रत्याक्षी बनेंगे । युवा क्रांति राजस्थान के बैनर पर आयाजित पत्रकार सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने चुनाव निर्दलीय लड़ने अथवा किसी राजनेतिक दल का हिस्सा बनने को लेकर कोई खुलासा नहीं किया।

इस बारे में पूछे जाने पर चौधरी ने कहा कि अप्रेल के पहले सप्ताह में इसकी जानकारी साझा की जाएगी । पिछले सप्ताह हुई अपनी बर्खास्तगी को तथ्यहीन करार देते हुए उन्होंने कहा कि इस मामले में कैट में चुनौती दी जा चुकी है । इसकी अगली सुनवाई १० अप्रेल को होगी। अदालत से इंसाफ मिलेगा इस बात का पूरा भरोसा है । उन्होंने स्वीकार किया कि समाज व देश के लिए कुछ हट कर काम करने वालों के सामने चुनौतियां ज्यादा आती है, लेकिन इसके बावजूद भ्रष्टाचारियों के खिलाफ उनका संघर्ष जारी रहेगा और हर माह एक भ्रष्ट/अयोग्य IAS/IPS को तथ्यों व साक्ष्यों के आधार पर एक्सपोज किया जाएगा .....

संपादकीय...

आतंकवाद पर सियासत

क्या कांग्रेस ने अब यह ठाना है कि वह आतंकी सरगना मसूद अजहर के बहाने मोदी सरकार पर निशाना साधेगी और इसी कारण कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी बार-बार यह पूछ रहे हैं कि इस आतंकी को किसने छोड़ा था? निःसंदेह यह कांग्रेस को तय करना है कि ऐसे सवालों को चुनावी मसला बनाना है या नहीं, लेकिन इसमें संदेह नहीं कि इस तरह के सवाल उछालने से दुनिया को सही संदेश नहीं जाएगा। उस समय तो और भी नहीं, जब भारत इस कोशिश में है कि पाकिस्तान में संरक्षित इस आतंकी सरगना पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की पाबंदी लगे। यह ठीक नहीं कि जब आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में देश को एकजुट दिखना चाहिए, तब कांग्रेस अलग दिखना चाह रही है। यह एक सर्वज्ञात तथ्य है कि मसूद अजहर को वाजपेयी सरकार के समय छोड़ा गया था, लेकिन कांग्रेस समेत सभी दलों को यह भी पता है कि उसे किन विषम परिस्थितियों में छोड़ना पड़ा था। उस समय सभी दलों ने एक स्वर से यही कहा था कि सरकार जो भी फैसला लेगी, वे उसका समर्थन करेंगे। क्या इस गंभीर मसले पर हुई सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस ने यह मांग की थी कि विमान यात्रियों के एवज में आतंकियों को नहीं छोड़ा जाना चाहिए?

आज जिन्हें मसूद अजहर को छोड़ने के फैसले पर सवाल खड़ा करने में आसानी हो रही है, वे इसकी अनदेखी नहीं कर सकते कि उसकी रिहाई का फैसला इसलिए लेना पड़ा था, क्योंकि करीब एक सौ साठ विमान यात्रियों की जान खतरे में थी। क्या कांग्रेस यह कहने की स्थिति में है कि वह सत्ता में होती तो आतंकियों को रिहा करने के बजाय अपहृत भारतीय विमान के यात्रियों की कुर्बानी देना पसंद करती? माना कि चुनाव के अवसर पर गड़े मुर्दे उखाड़ने का भी काम होता है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि ऐसे भी काम किए जाएं, जिससे आतंकवाद से मिलकर लड़ने के बजाय राजनीतिक दल एक-दूसरे की घेरेबंदी करते दिखें। यह समझ में आता है कि कांग्रेस मसूद अजहर के बहाने मोदी सरकार पर तंज कसना चाह रही है, लेकिन इसका कोई औचित्य नहीं कि वह राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार पर लांछन लगाए और वह भी झूठे तथ्यों के सहारे। आखिर यह झूठ प्रचारित करने का क्या अर्थ कि अजीत डोभाल आतंकियों को लेकर कांधार गए थे? एक तो वह उस विमान में नहीं थे, जिसमें आतंकियों को ले जाया गया था और दूसरे, वह खुफिया ब्यूरो के अधिकारी के नाते वही कर रहे थे, जिसके लिए उन्हें सरकार ने निर्देशित किया था। क्या कांग्रेस अध्यक्ष यह कहना चाह रहे हैं कि तत्कालीन खुफिया ब्यूरो के अतिरिक्त निदेशक के रूप में अजीत डोभाल को सरकार के निर्देश नहीं मानने चाहिए थे? इसे जुबान फिसलना कहा जा सकता है कि मोदी सरकार को घेरने की कोशिश में राहुल गांधी ने आतंकी मसूद अजहर के नाम में 'जी भी जोड़ दिया, लेकिन उसकी रिहाई के मसले को चुनावी मसला बनाना खराब राजनीति ही है।

बेहतर है कांग्रेस यह समझे कि इस मुद्दे पर कितनी भी बहस की जाए, उससे कुछ हासिल होने वाला नहीं है कि मसूद अजहर को छोड़ने का फैसला सही था या नहीं?

बाहुबली की माँ बनी पोर्न स्टार?

सुमन मौर्या

आप सभी को याद हो ब्लॉकबस्टर मूवी बाहुबली में शिवगामी का रोल निभाने के बाद बहुत पॉपुलर हुईं एक्ट्रेस रम्या कृष्णन अब एक बार फिर चर्चाओं का हिस्सा बन गईं हैं. जी हाँ, वह जल्द ही फिल्म सुपर डीलक्स में नजर आने वाली हैं और इस फिल्म में वह कोई और नहीं बल्कि पोर्न स्टार के रोल में दिखाई देने वाली हैं. आप सभी को बता दें कि त्यागराजन कुमारराज के निर्देशन में बनी फिल्म का ट्रेलर जबसे रिलीज हुआ है, सोशल मीडिया पर जबरदस्त बज बना है और इसे खूब पसंद किया जा रहा है. वहीं अब एक इंटरव्यू में रम्या ने बताया कि पोर्न स्टार का रोल करने में उन्हें किन मुश्किलों का सामना करना पड़ा. हाल ही में मिली जानकारी के अनुसार डायरेक्टर कुमारराजा की वजह से रम्या को एक खास सीन को करने के लिए २ दिनों में ३७ बार टेक लेने पड़े. इस बारे में बात करते हुए रम्या ने कहा- 'मुझसे ज्यादा, मेरे असिस्टेंट शॉक्ड थे. कुछ रोल पैसों के लिए होते हैं, कुछ पॉपुलैरिटी के लिए तो कुछ पैशन के लिए. सुपर डीलक्स मैंने पैशन के लिए की है.' वहीं इस बारे में बात करते हुए डायरेक्टर कुमारराजा ने कहा- रम्या 'मल्लू अनकट' में पोर्न स्टार का रोल करने के लिए एक अजीब शख्स थीं. हमने इस रोल के लिए पहले नाडिया को अप्रोच किया था. रम्या बहुत कूल थी. इस रोल के लिए उन्होंने खुद को अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकाला है.' आप सभी को यह भी बता दें, सुपर डीलक्स का ट्रेलर इंटरनेट पर धमाल मचा रहा है और जल्द ही इस फिल्म को रिलीज कर दिया जाएगा और रिलीज होने के बाद इसकी कमाई का अंदाजा सुपरहोइट फिल्मों के जैसे लगाया जा रहा है. फिल्म में विजय सेथुपथी, समांथा, फहाद फासिल, रम्या कृष्णन, मास्किन लीड रोल में नजर आने वाले हैं.

'फिल्मों में महिलाओं को वस्तु की तरह पेश करने की इजाजत नहीं'

मुंबई में चल रहे फिक्की फ्रेम्स के दूसरे दिन फिल्मों को सेंसर सर्टिफिकेट देने की प्रक्रिया, कश्मीर में शूटिंग और छोटे बजट की फिल्मों के बीते साल किए गए बड़े धमाल पर चर्चा हुई। फिल्म सेंसर बोर्ड की सदस्य वाणी त्रिपाठी ने कहा, 'भारतीय सिनेमा में नए फिल्ममेकर्स की एक पूरी नई पीढ़ी आ चुकी है जिसे कहानियां कहने के लिए बनावटीपन की जरूरत नहीं होती।' 'देश के अलग अलग ग्रामीण क्षेत्रों से आए ये फिल्ममेकर्स उन कहानियों को चुन रहे हैं, जो उनके करीब हैं।' महिलाओं को वस्तु के रूप में परदे पर पेश करने के सवाल पर वाणी ने सख्त लहजा अपनाते हुए कहा, 'फिल्मों में महिलाओं को वस्तु की तरह पेश करने के सेंसर बोर्ड का हर सदस्य सख्त खिलाफ है और हम ऐसी फिल्मों को पास नहीं होने देंगे।' उन्होंने कहा कि फिल्मों का प्रमाणन एक सामाजिक प्रक्रिया है। फिक्की फ्रेम्स में इसके अलावा दिव्या दत्ता, नितिन कक्कड़ और सिद्धार्थ आनंद कुमार ने जम्मू कश्मीर में फिल्मों की शूटिंग को लेकर हुई चर्चा में हिस्सा लिया। सबसे दिलचस्प चर्चा फिक्की फ्रेम्स में हुई छोटी फिल्मों के बड़े धमाल को लेकर।

बधाई हो बनाने वाली कंपनी जंगली पिक्चर्स की प्रीति साहनी ने कहा कि बॉक्स ऑफिस की कामयाबी सिर्फ एक सूत्र पर निर्भर करती है और वह है दर्शकों की पसंद। दर्शकों की पसंद हिंदी फिल्मों को लेकर बदल रही है। स्त्री, बधाई हो, अंधाधुन और सूरमा जैसी फिल्मों की कामयाबी यही बताती है। इस चर्चा में बधाई हो के निर्देशक अमित श्रमा, स्त्री के निर्माता राज निदिमोरू व कृष्णा डीके, सोनी पिक्चर्स इंडिया के एमडी विवेक कृष्णानी और वॉयकॉम १८ के सीओओ अजित अंधारे ने भी हिस्सा लिया।

सिद्धार्थ ने की 'कलंक' की तारीफ, आलिया ने कहा 'थैंक्यू'

आलिया भट्ट और सिद्धार्थ मल्होत्रा में ब्रेकअप के बाद भी लंबे समय तक कड़वाहट देखी जाती रही। कुछ दिन डेट करने के बाद ही दोनों का ब्रेकअप हो गया था। इसके बाद से दोनों को साथ में कम ही देखा गया। किसी इवेंट में दोनों का आमना-सामना हुआ भी तो दोनों एक-दूसरे से नजरे चुराते दिखाई दिए। हालांकि, 'कलंक' के टीजर रिलीज के बाद कुछ अलग ही देखने को मिला। सिद्धार्थ मल्होत्रा ने सोशल मीडिया पर आलिया की फिल्म 'कलंक' के टीजर की तारीफ की जिसका आलिया भट्ट ने जवाब भी दिया। बता दें कि करण जौहर ने ट्विटर पर 'कलंक' का ऑफिशल टीजर शेयर किया था। सिद्धार्थ मल्होत्रा ने इसे रिट्वीट करते हुए इसकी तारीफ की। सिद्धार्थ के ट्वीट पर आलिया ने तुरंत रिऐक्ट करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। इसके साथ उन्होंने डांसिंग गर्ल की इमोजी बनाया।

अभय देओल के लिए खुशखबरी, लॉस एंजिलिस में होगा उनकी फिल्म का प्रीमियर

अरसे बाद देओल परिवार के बेटे अभय देओल को लेकर खबर आई है। खबर है कि अभय देओल की फिल्म द ऑड्स को लॉस एंजेलिस के इंडियन फिल्म फेस्टिवल की क्लोजिंग फिल्म के रूप में चुना गया है। निर्देशक मेघा रामास्वामी की इस फिल्म में अभय देओल के साथ प्रियंका बोस मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म का लॉस एंजिलिस में १४ अप्रैल को प्रीमियर होगा। इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ लॉस एंजिलिस (इफला) का उद्घाटन निर्माता संजय राउतरे की फिल्म अंधाधुन से होगा और फिल्म के प्रदर्शन के बाद इसकी मुख्य अभिनेत्री तबू का सम्मान भी वहां किया जाएगा।

इफला के आयोजकों ने यह भी बताया कि इस फिल्म फेस्टिवल में मशहूर निर्देशक आनंद पटवर्धन की डॉक्यूमेंट्री रीजन के प्रदर्शन की अनुमति भी उन्होंने हासिल कर ली है। रीजन का प्रीमियर हाल ही में टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में हुआ था और एम्सटर्डम फिल्म फेस्टिवल में इसे ग्रांड ज्यूरी सम्मान भी हासिल हुआ।

१० वर्ष बाद भारत में वनडे सीरीज जीता ऑस्ट्रेलिया, 'विराट टीम' नहीं बचा सकी साख

नई दिल्ली : भारतीय क्रिकेट टीम बुधवार को फिरोज शाह कोटला मैदान पर साख की लड़ाई हार गई। ऑस्ट्रेलिया ने उसे पांचवें और निर्णायक वनडे मैच में ३५ रनों से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने शुरुआती दो मैच गंवाने के बाद भी लगातार तीन मैच जीत ३-२ से सीरीज अपने नाम की और दस साल बाद भारत में वनडे सीरीज जीतने का सम्मान हासिल किया। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम के सामने २७३ रनों का लक्ष्य रखा, लेकिन भारतीय टीम ५० ओवरों में सभी विकेट खोकर २३७ रन ही बना सकी। इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम ने २००९ में भारत में वनडे सीरीज जीती थी।

भारत की १० वर्ष बाद हार

ऑस्ट्रेलिया की भारत में यह १० वर्ष बाद पहली वनडे सीरीज जीत है। ऑस्ट्रेलिया ने इससे पहले २००९ में भारतीय सरजमीं पर ६ मैचों की सीरीज ४-२ से जीती थी। इस बार उसने पहले दो मैच गंवाने के बाद लगातार तीन मैच जीतकर सीरीज ३-२ से अपने नाम की।

७ वर्ष बाद सीरीज में ३ बार ऑल आउट

२०१२ के बाद पहली बार भारतीय टीम किसी भी सीरीज में ३ बार ऑल आउट हुई। आखिरी बार २०१२ में ऑस्ट्रेलिया में हुई त्रिकोणीय सीरीज में भारत ३ बार ऑल आउट हुआ था।

भारतीय टीम ने २०१५ के बाद पहली बार घर में वनडे सीरीज गंवाई है। उसे आखिरी बार साउथ अफ्रीका ने अक्टूबर, २०१५ में ३-२ से हराया था।

विराट की कप्तानी की बात करें तो यह उनकी कप्तानी में घरेलू मैदान पर पहली वनडे सीरीज हार है। यही नहीं, एक और अनचाहा रेकॉर्ड विराट के नाम हुआ। दरअसल, यह पहला मौका है, जब विराट की कप्तानी में भारतीय टीम ने लगातार ३ वनडे मैच गंवाए।

यह वनडे में पांचवां अवसर है, जबकि किसी टीम ने पहले दो मैच हारने के बाद सीरीज जीती। ऑस्ट्रेलिया से पहले दक्षिण अफ्रीका (दो बार), बांग्लादेश और पाकिस्तान ने यह उपलब्धि हासिल की थी। भारत ने दूसरी बार पहले दो मैच जीतने के बाद सीरीज गंवाई। इससे पहले २००५ में पाकिस्तान के खिलाफ वह शुरुआती बढ़त का फायदा नहीं उठा पाया था।

आईपीएल में कितने मैच खेलने हैं, यह फैसला खिलाड़ी खुद करेगा : कोहली

नई दिल्ली : भारतीय खिलाड़ियों के वर्ल्ड कप से ठीक पहले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने से उन पर पड़ रहा काम का बोझ चर्चा का विषय बना हुआ है लेकिन कप्तान विराट कोहली ने यह फैसला अपने साथियों पर छोड़ दिया है कि उन्हें इस टी२० टूर्नामेंट में कितने मैच खेलने हैं और कितने नहीं। आईपीएल २३ मार्च से शुरू हो जाएगा और इसके समापन के तुरंत बाद भारतीय टीम को इंग्लैंड रवाना होना है जहां ३० मई से वर्ल्ड कप खेला जाएगा। चयन समिति के अध्यक्ष एमएसके प्रसाद पहले ही कह चुके हैं कि खिलाड़ियों पर पड़ रहे काम के बोझ को लेकर फ्रैंचाइजी से बात की गई है, लेकिन कोहली ने कहा कि अपने कार्यभार को व्यवस्थित करना खिलाड़ी का काम है। कोहली ने कहा, 'हमने खिलाड़ी को पूरी बुद्धिमता से काम लेने और फ्रैंचाइजी प्रबंधन को सूचित करने की जिम्मेदारी दी है। वे हमारे फिजियो पैट्रिक फरहार्ट के संपर्क में रहेंगे। वर्ल्ड कप के लिए सभी चीजों पर निगरानी रखी जाएगी और इसमें कार्यभार भी शामिल है।' उन्होंने कहा, 'हम कोई ऐसा समय बताएंगे जहां खिलाड़ी आराम कर सकता है। वे निश्चित तौर पर इस मौके का फायदा उठाएंगे। वर्ल्ड कप ४ साल में एक बार आता है और आईपीएल हर साल होता है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम टूर्नामेंट में खेलने को लेकर प्रतिबद्ध नहीं हैं। हमें अच्छे फैसले करने होंगे। इसकी जिम्मेदारी खिलाड़ी पर होगी। किसी को भी कोई निर्णय लेने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा।' कोहली ने हालांकि इसके साथ ही कहा कि भारतीय टीम के लिए यह सत्र काफी व्यस्त रहा लेकिन टीम आत्मविश्वास से भरी है और खिलाड़ी आईपीएल का लुत्फ लेने के हकदार हैं। उन्होंने कहा, 'लंबे समय तक खेलते रहने का असर पड़ता है। मैं इसके बहाना नहीं मान रहा हूं क्योंकि एक टीम के रूप में आप जो भी मैच खेलते हो उसमें आप से जीत की उम्मीद की जाती है। जब लंबा सत्र होता है तो आप उस पर विचार करते हैं। यह काफी व्यस्त सत्र रहा।' भारतीय कप्तान ने कहा, 'हमने जिस तरह का प्रदर्शन किया, उससे हम खुश हैं। जिस तरह से खिलाड़ियों ने अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया उस पर हमें खुशी है। हम जिस आत्मविश्वास को लेकर आगे बढ़े वह देखना अच्छा रहा। इस लिहाज से हम आईपीएल का लुत्फ उठाने के हकदार हैं।'

फ्री-हिट के फॉर्म्युले से टेस्ट को कराएंगे हिट, एमसीसी क्रिकेट कमिटी ने दिए सुझाव

लंदन : एमसीसी वर्ल्ड क्रिकेट कमिटी ने लंबे फॉर्मेट को दिलचस्प बनाने के लिए कुछ प्रस्ताव दिए हैं जिसमें समय बर्बाद होने से रोकने के लिए 'शॉट क्लॉक' लगाया जाना, शुरुआती वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिए मानक गेंद का इस्तेमाल और नो-बॉल के लिए फ्री हिट जैसी सिफारिशें शामिल हैं। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइक गैटिंग की अध्यक्षता वाली कमिटी ने पिछले हफ्ते बेंगलुरु में हुई बैठक में टेस्ट क्रिकेट के लिए कुछ बदलावों का सुझाव दिया है। इस कमिटी में पूर्व भारतीय कप्तान सौरभ गांगुली भी शामिल हैं। इन प्रस्तावों को मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने अपनी वेबसाइट पर लगाया है। टेस्ट में स्लो ओवर रेट नियमित प्रक्रिया है जिससे प्रशंसक खेल से थोड़ा दूर हो रहे हैं, इसलिए 'शॉट क्लॉक' आरंभ करने की जरूरत व्यक्त की। एमसीसी ने कहा, 'प्रशंसकों से टेस्ट क्रिकेट में दर्शकों की कम हिस्सेदारी के मुख्य कारकों को पूछा गया तो २५ प्रतिशत प्रशंसकों ने धीमी ओवर गति का जिक्र किया।

स्कोरबोर्ड पर लगेगा काउंटडाउन

स्कोरबोर्ड पर एक काउंटडाउन लगा होगा जो अंपायर द्वारा ओवर खत्म किए जाने की घोषणा के साथ ४५ सेकंड की उलटी गिनती शुरू कर देगा। नए बल्लेबाज के स्ट्राइक पर आने के लिए यह गिनती ६० सेकंड की होगी और नए बोलर के अटैक पर आने के लिए ८० सेकंड का समय होगा।

संक्षिप्त न्यूज

9 करोड़ की चंदन की लकड़ी जब्त

मुंबई : मुंबई की अंबोली पुलिस ने 1845 किलो चंदन की लकड़ी जब्त की है। इंस्पेक्टर दया नायक ने बताया कि इसकी कीमत 9 करोड़ रुपये है। इस केस में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक टिप के बाद गुरुवार को अंधेरी में एक टेम्पो की घेराबंदी की गई। उसकी तलाशी में चंदन की लकड़ी जब्त की गई। इस लकड़ी को दुबई भेजा जाना था।

मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस अधिकारी दया नायक को खबर मिली की एक टेम्पो में 500 किलो चन्दन की लकड़ी जा रही है जिसे विदेश भेजा जायेगा. खबर मिलते ही दया नायक ने वन विभाग अधिकारीयों के साथ टेम्पो और कुर्ला के गोदाम में छापा मारकर 9 करोड़ चन्दन की लकड़ी बरामद की है और दो लोगों को हिरासत में भी लिया है.

नशे में धूत ट्रक चालक ने सड़क पर दौड़ाया ट्रक, 10 लोगों को रौंदा

मुंबई : महाराष्ट्र के औरंगाबाद में शराब के नशे में धूत ट्रक चालक ने सड़क पर दौड़ाया ट्रक, भीषण सड़क हादसे में 1 की मौत 6 लोग गंभीर रुप से घायल, गुस्साई भीड़ को कोबू में लाने के लिए पुलिस को करनी पड़ी कड़ी मशक्कत.

खबर के मुताबिक महाराष्ट्र के औरंगाबाद में शराब के नशे में धूत ट्रक चालक 10 तैयार की ट्रक लेकर मस्जिद वाली सड़क से जा रहा था की अचानक संतुलन विगड़ गया उसने 10 लोगों को उड़ाया जिसमे मोहसिन शेख नामक युवक की मौत हो गयी और इमाम शेख गंभीर रूप से जख्मी है. पुलिस ने बताया की उसने रस्ते में कई जगह टक्कर दी है. पब्लिक से पुलिस ने काफी मशक्कत से बचाया.

दिव्यागों को वितरित किया गया सामान

मुंबई: अंधेरी (पूर्व) कामगार कल्याण हॉल में नैसिर्गक विकलांग संवा संघ ने 15वां वार्षिक सम्मेलन आयोजित कर दिव्यांगों को जरूरत का सामान वितरित किया। इस अवर पर संस्था के अध्यक्ष टी.एन. दुबे ने संस्था के 15 साल के कार्यकाल पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय वीलचेयर क्रिकट खिलाड़ी रमेश सरतापे, महिला बास्केट बॉल खिलाड़ी गीता चौहान को मुख्य अतिथि विधायक रमेश लटके, के-पूर्व वॉर्ड के प्रभाग समिति अध्यक्ष सुनील यादव, पूर्व पुलिस अधिकारी प्रदीप शर्मा ने सम्मानित किया।

गृह पदक से सम्मानित होंगे डीसीपी दीपक देवराज

मुंबई : ठाणे क्राइम ब्रांच के पुलिस आयुक्त दीपक देवराज को राष्ट्रपति के हाथों गृह पदक से नवाजा जाएगा। उत्कृष्ट कार्यों को अंजाम देने वाले पुलिसकर्मियों को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सम्मानित करने की घोषणा की है। गृह पदक मिलने से पूर्व उपनगर पत्रकार संघ ने दीपक देवराज का स्वागत किया। स्थानीय विधायक मंगेश कुडालकर ने पुष्पगुच्छ, श्रीफल व मेडल से उन्हें सम्मानित किया।

एसपी ने महिलाओं को किया सम्मानित

मुंबई : समाज में सराहनीय काम करने वाली महिलाओं को समाजवादी पार्टी (एसपी) ने सैंम्मानित किया। गोवंडी में आयोजत कार्यक्रम में पार्टी के विधायक और अध्यक्ष अबू आसिम आजमी ने स्त्री शक्ति की सराहना करते हुए कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं। समाज में महिलाओं को उनका अधिकार मिलना चाहिए, तभी समाज तरक्की करेगा। वॉर्ड क्रमांक 136 की नगरसेविका और समाजवादी पार्टी की मुंबई प्रदेश महिला अध्यक्ष रुखसाना सिद्दीकी की देख-रेख में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसपी के तमाम पदाधिकारी और महिला कार्यकर्ता मौजूद थीं।

सीए की परीक्षा आगे बढ़ी

मुंबई : लोकसभा चुनाव की वजह से सीए की परीक्षा की तारीखें आगे बढ़ा दी गई हैं। अब यह परीक्षा 27 मई से 12 जून के बीच होगी। इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के मुताबिक, देशभर में अप्रैल और मई में लोकसभा चुनाव हैं। इसीलिए 2 से 17 मई के बीच होने वाली सीए की परीक्षा की तारीखें आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है।

परमबीर बने एसीबी के महासंचालक

मुंबई: ठाणे के पूर्व पुलिस आयुक्त और वर्तमान में महाराष्ट्र शासन के कानून-व्यवस्था के अपर पुलिस महासंचालक परमबीर सिंह को सरकार ने पदोन्नति दी है। आईपीएस संजय बर्वे को मुंबई पुलिस का आयुक्त बनाए जाने के बाद से खाली पड़े ऐंटि करप्शन ब्यूरो (एसीबी) के पद पर परमबीर को पदोन्नत कर नियुक्त किया गया है। सिंह एसीबी के महासंचालक पद पर नियुक्त हुए हैं।

उत्तर भारतीय संगम

कल्याण: उत्तर भारतीय संगम संस्था ने रविवार को कल्याण (पूर्व) चक्की नाका में स्नेह संगम का आयोजन किया। इसमें गायक मोहन राठौर और कॉमिडी सर्कस फेम सुनील सावरा को सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में आइडियल कॉलेज के संस्थापक रमाकांत उपाध्याय का सत्कार किया गया। इस दौरान राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त अमरजीत मिश्रा, विनय शुक्ला आदि प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित थे। संस्था के सदस्य विजय मिश्रा, मनोज राय, विजय उपाध्याय और विनीत पांडेय आदि ने कार्यव्र ाम को सफल बनाने में विशेष भूमिका निभाई।

उर्स के लिए विशेष ट्रेन

मुंबई : अजमेर में होने वाले 807वें वार्षिक उर्स मेले के लिए पश्चिम रेलवे एक और विशेष ट्रेन चला रही है। यह ट्रेन बांद्रा टर्मिनस से मदार जंक्शन (अजमेर) तक जाएगी। ट्रेन सं. 09610 बांद्रा टर्मिनस-मदार जं. उर्स विशेष ट्रेन बांद्रा टर्मिनस से बुधवार 13 मार्च को 14.15 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 11.25 बजे मदार जं. पहुंचेगी। इसी प्रकार ट्रेन सं. 09609 ट्रेन मदार जं. से मंगलवार 12 मार्च को 13.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 12.15 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी।

युवाओं को रोजगार मेले में मिला काम

मुंबई : अटल सेवा केंद्र और शिव मुद्रा प्रतिष्ठान की ओर से रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कई बड़ी कंपनियों की मौजूदगी में इस मेले में 268 युवाओं को रोजगार मिला, जबकि 180 को अगले राउंड के लिए बुलाया गया। आयोजन में नगरसेवक अभिजीत सावंत, सुनील यादव, सिद्धिविनायक मंदिर के ट्रस्टी सुमंत घैसास एवं सिंधी चेंबर ऑफ कॉमर्स के भरत अजवानी भी मौजूद थे।

उड़ान संस्था का कार्यक्रम 21 को

मुंबई: उड़ान संस्था का कार्यक्रम 21 मार्च को आयोजित होने वाला है। इस मौके पर महाराष्ट्र के राज्यपाल सी. विद्यासागर राव मुख्य अतिथित होंगे। उन्हें कार्यक्रम के लिए आमंत्रित करने के लिए राजपाल भवन में कैबिनेट मिनिस्टर राज के. पुरोहित ने मुलाकात की। इस मौके पर गणपत कोठारी, शांति लाल और संस्था के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

बीएमसी अस्पतालों में दवाओं की कमी, फाइलों में अटकीं मरीजों की दवाएं

मुंबई : बीएमसी अस्पतालों में दवाओं की कमी का मसला गंभीर होता जा रहा है। अगले कुछ महीनों तक इससे निजात मिलना मुश्किल लग रहा है। पूरी मुंबई का ठेका एक साथ निकालने की वजह से अतिरिक्त दवाएं मंगाने की प्रक्रिया अभी तक लटकी हुई है। चूंकि अब आचार संहिता लागू हो चुकी है, इसलिए यह प्रक्रिया अब मई में ही पूरी हो पाएगी। माना जा रहा है कि मॉनसून तक ही दवाएं अस्पतालों में पहुंच पाएंगी। बता दें कि पिछले ७-८ महीनों से बीएमसी अस्पतालों में दवाओं की भारी कमी है।

नियमित दवाओं में भी देरी

नियमित दवाओं की खरीदी की प्रक्रिया भी इसी वजह से प्रभावित हो रही है। एक अधिकारी ने बताया कि पूरी प्रक्रिया में छह महीने का समय लगता है। हमें अतिरिक्त आपूर्ति का टेंडर बनाने में काफी समय लगता है। हम पर दोहरा कार्यभार होता है।

क्या है मामला

बीएमसी अस्पतालों में दवाओं की कमी का मुद्दा सामने आने के बाद प्रशासन ने इसकी जांच की थी। दवाओं की कमी को दूर करने के लिए तुरंत टेंडर निकालकर आपूर्ति करने का आदेश भी दिया था। हालांकि टेंडर लाने से पूर्व संबंधित कंपनियों से अतिरिक्त आपूर्ति की सहमति लेने में काफी समय निकल गया। टेंडर मंजूरी के कई चरण होने की वजह से भी फाइलें अटक गईं। सच तो यह है कि मंजूरी मिलने के बाद भी कंपनियों को दवाओं की आपूर्ति में समय लग जाएगा।

बेहद लंबी प्रक्रिया

हर दो साल पर खरीदी जाने वाली दवाओं के लिए मुंबई के सभी अस्पतालों से लिस्ट मांगी जाती है और सभी विभाग प्रमुखों से चर्चा की जाती है। इसके बाद टेंडर प्रक्रिया होती है और ऑर्डर दिया जाता है। फिर भी समस्या का समाधान नहीं हो पाता। उचित समन्वय न होने की वजह से किसी अस्पताल में ज्यादा दवाएं पहुंच जाती हैं, तो किसी में काफी कम सप्लाई हो पाती है।

नहर में मिली महिला टीचर की लाश, हत्या की आशंका

गाजियाबाद: यूपी के गाजियाबाद से लापता एक महिला टीचर की लाश नहर से बरामद हुई है. पुलिस पिछले पांच दिनों से लापता टीचर को तलाश रही थी. पुलिस ने इस संबंध में मृतका के प्रेमी को गिरफ्तार किया है. आगे भी पुलिस इस मामले की छानबीन कर रही है. पुलिस जल्द ही इस पूरे मामले का खुलासा करने वाली है. मामला गाजियाबाद के थाना कविनगर क्षेत्र का है. जहां मुरादनगर-मसूरी के बीच पड़ने वाली नहर से पुलिस ने गीतिका नामक महिला टीचर की लाश बरामद की है. पुलिस के मुताबिक बीते पांच दिनों से टीचर गीतिका लापता थी. तभी से उसकी तलाश की जा रही थी.

इसी दौरान पहले पुलिस ने गीतिका के प्रेमी दीपक को गिरफ्तार कर लिया. फिर उसी की निशानदेही पर नहर से गीतिका का शव बरामद किया. बताया जा रहा है कि जल्द ही पुलिस इस संबंध में मीडिया को पूरी जानकारी देगी. फिलहाल, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. मृतका के प्रेमी से लंबी पूछताछ की जा रही है. पुलिस जल्द ही इस पूरे मामले का खुलासा करने वाली है.

सरकारी विज्ञापनों के बैनर पोस्टर हटाने का काम शुरू

मुंबई : चुनाव की घोषणा होते ही पूरे देश में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। इसलिए मतदाताओं को प्रभावित करने वाले सरकारी विज्ञापनों को हटाने का काम मुंबई में शुरु हो गया है। यह जानकारी सरकार की तरफ से दी गई है। महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रवक्ता सचिन पाटील ने बुधवार को चुनाव आयोग से शिकायत किए जाने के बाद यह सरकारी स्तर पर यह खुलासा किया गया है।

सांवत ने चुनाव आयोग से लिखित शिकायत की है कि चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद भी राज्य भर में बस अड्डों, बस स्टॉप और पेट्रोल पंपों समेत सार्वजनिक जगहों आदि पर अब भी सरकारी विज्ञापन लगे हुए हैं। इसके लिए उन्होंने चुनाव आयोग के आदेश पर अमल न करने और चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अपराध दर्ज करने की मांग की है।

इसके बाद मुंबई उपनगर के कलेक्टर और जिला चुनाव अधिकारी के हवाले से सरकारी स्तर पर एक विज्ञप्ति जारी कर सूचना दी गई कि मुंबई उपनगर जिले में आचार संहिता का पालन किया जा रहा है। अब तक 10 हजार 691 विज्ञापनों के होर्डिंग हटा दिए गए हैं। इनमें से 8 हजार 465 होर्डिंग, पोस्टर, बैनर और झंडे सार्वजनिक स्थानों पर तथा 2 हजार 226 प्राइवेट प्रॉपर्टी पर से हटाए गए हैं। इतना ही नहीं आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने और चुनावी खर्च पर नजर रखने के लिए हर विधानसभा क्षेत्र के हिसाब से अलग-अलग उड़न दस्ते, स्टेटिक सर्विलांस टीम, विडियो सर्विलांस टीम बनाई गईं हैं।

सीबीसीआईडी ने पोल्लाची यौन उत्पीड़न कांड की जांच अपने हाथ में ली

तमिलनाडु : तमिलनाडु अपराध शाखा सीआईडी ने पोल्लाची के समीप के १९ वर्षीय एक महिला के यौन उत्पीड़न कांड की जांच अपने हाथ में ले ली है. इस घटना को लेकर राज्य में काफी जनाक्रोश है.

पुलिस महानिरीक्षक (सीबीसीआईडी) श्रीधर और विशेष पुलिस अधिकारी निशान पार्थीबान ने पुलिस अधीक्षक आर पांडियाराजन एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत की और इस मामले से जुड़े सारे दस्तावेज हासिल किए. श्रीधर ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि सीबीसीआईडी मामले की जांच में चारों आरोपियों से पूछताछ करने के लिए उन्हें हिरासत में देने की मांग करेगी. विशेष टीमें स्थानीय पुलिस द्वारा प्रदत्त दस्तावेजों पर गौर करेगी और जांच में सभी पहलू शामिल होंगे.

मुख्य आरोपी तिरनावक्कारसू समेत सभी चार लोग पिछले महीने इस मामले में गिरफ्तार किए गए थे. बता दें कि पीड़ित महिला के चिल्लाने और हमलावरों से जूझने का वीडियो वायरल हो गया था जिसके बाद से लोग काफी सकते में थें. ऐसी खबर है कि ये चारों पिछले सात साल के दौरान कई अन्य महिलाओं से दोस्ती कर उनका भी यौन उत्पीड़न करने में शामिल रहे हैं. गौरतलब है कि जब सत्तारूढ़ अन्नाद्रमुक के एक कार्यकर्ता ने उत्पीड़न की शिकायत करने पर पीड़िता के भाई के साथ कथित रूप से मारपीट के दौरान इसे मामले पर उस वक्त काफी राजनीति भी हुई थी. उसके बाद उस कार्यकर्ता को अन्नाद्रमुक से बाहर कर दिया गया था.

राज्य सरकार ने मंगलवार को इस मामले की सीबीआई जांच की सिफारिश करने का निर्णय लिया. पुलिस के अनुसार गत १२ फरवरी को कोयम्बटूर जिले में पोलाची के निकट एक कार के भीतर एक महिला को निर्वस्त्र करने का प्रयास किया और इस हरकत का वीडियो बना लिया और इसके मार्फत उसे ब्लैकमेल करने एवं उससे जबरन वसूली करने की कोशिश की. गिरोह के चंगुल से किसी तरह छूटने में कामयाब रहने पर पीड़िता ने २४ फरवरी को शिकायत दर्ज करायी थी. और इस कृत्य का एक वीडियो बनाया और उसे ब्लैकमेल किया. पीड़िता ने २४ फरवरी को पुलिस के समक्ष एक शिकायत दर्ज कराई थी. पुलिस ने बताया कि इस सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया था. द्रमुक अध्यक्ष एमके स्टालिन ने हाल ही में इस मुद्दे पर सत्तारूढ़ अन्नाद्रमुक पर हमला करते हुए पूछा कि क्या सत्तारूढ़ पार्टी आरोपी को बचा रही है दूसरी पार्टियों के नेताओं ने भी इस मुद्दे पर तीखी प्रतिक्रिया दी.बता दें कि मंगलवार को कोयम्बटूर जिला कलेक्टर राजामणि ने पुलिस अधीक्षक आर पांडियाराजन की सिफारिशों के बाद गुंडा कानून के तहत आरोपियों को हिरासत में लिये जाने के आदेश दिए हैं. चार आरोपियों तिरूनावक्कारासु, सतीश, सबरीराज और वसंतकुमार के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं और तमिलनाडु राज्य महिला उत्पीड़न निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और वे पहले से ही जेल में हैं.

डबल मर्डर से दहला रोहतास जिला, राइस मिल मालिक समेत २ की हत्या

बिहार: बिहार में बदमाशों के हौसले बुलंद हैं. ना उन्हें कानून खौफ है और ना ही वर्दी का डर. ताजा मामला रोहतास जिले का है, जहां डबल मर्डर की वारदात से सनसनी फैल गई. अज्ञात बदमाशों ने एक राइस मिल के मालिक और उनके कर्मचारी की हत्या कर दी. वारदात को अंजाम देकर बदमाश फरार हो गए. दोहरी हत्या की ये वारदात रोहतास जिले के कोचस थाना क्षेत्र की है. स्थानीय पुलिस अधिकारी राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि रूपीपुर बांध गांव में एक राइस मिल है. देर रात करीब १२ से १५ की संख्या में बदमाशों ने वहां धावा बोल दिया और वहां रखे चावल उठाने लगे. इसी बीच मिल के मालिक ४५ वर्षीय माणिकचंद साव और उनका कर्मचारी गोपाल भी वहां जा पहुंचे. उन दोनों ने बदमाशों का विरोध किया, तो लूट करने आए अपराधियों ने दोनों को बंधक बना लिया और उनके हाथ-पैर बांधकर उन्हें मिल के निकट तालाब में फेंक दिया. जिससे दोनों की डूब जाने से मौत हो गई. इसके बाद बदमाश मिल से करीब तीन लाख रुपये का चावल लूटकर फरार हो गए.

सहायक पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि इस संबंध में मिल के कर्मचारियों के बयान पर हत्या की एक प्राथमिकी कोचस थाना में दर्ज कर ली गई है. अब पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है. उन्होंने बताया कि दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं. पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा.

खंडहर में मिली लापता छात्रा की लाश, सामूहिक बलात्कार की आशंका

हमीरपुर : उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में घर से लापता छात्रा का शव पुलिस ने बरामद कर लिया है. छात्रा पिछले चार दिनों से लापता था. उसकी लाश एक खंडहर से बरामद की गई है. पुलिस को आशंका है कि पहले लड़की के साथ बलात्कार किया गया और फिर उसकी हत्या कर दी गई. अब पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है. रेप और हत्या का यह मामला हमीरपुर के मुस्करा थाना क्षेत्र का है. जहां मसगांव में छात्रा अपने घर से ८ मार्च को रहस्यमय तरीके से लापता हो गई थी. वह बारहवीं की छात्रा थी. परिजनों ने मामला दर्ज कराया था. लिहाजा पुलिस भी उसकी तलाश कर रही थी. जिसके चलते मंगलवार की शाम गांव के ही एक खंडहर से उसका शव बरामद किया गया. पुलिस ने लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म किए जाने के बाद उसकी हत्या किए जाने की आशंका जताई है. अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि मृतका मसगांव गांव निवासी बलवीर यादव की १९ वर्षीय बेटी कामिनी थी. जिसका सड़ा-गला अर्धनग्न शव जच्चा-बच्चा केंद्र (एएनएम सेंटर) के पास एक खंडहरनुमा मकान के मलबे में दबा हुआ था. पुलिस के मुताबिक लड़की का शव मंगलवार की शाम बरामद किया गया है. पुलिस ने बताया कि लड़की के पिता ने १० मार्च को थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी. लड़की ने हाल ही में बारहवीं की परीक्षा पीएनबी इंटर कॉलेज से दी थी. ASP संतोष कुमार सिंह ने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि उसके साथ सामूहिक बलात्कार की कोशिश की गई है. इसी के चलते आरोपियों को राज खुलने का डर सता रहा था. इसलिए लड़की की हत्या कर उसकी लाश को खंडहर में ईंटों के नीचे दबा दिया होगा. इस संबंध में पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ आईपीसी की धारा (३०२) यानी हत्या और शव छिपाने की धारा (२०१) के तहत मामला दर्ज किया है. अब पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है.

फर्जी सी बी आई बनकर फॉरेन करेंसी ठगने वाले २ ठग गिरफ्तार

मुंबई : दिंडोशी पुलिस ने दो ऐसे ठगों को गिरफ्तार किया है जो फर्जी सी बी आई और क्राइम ब्रांच अधिकारी बन फॉरेन करेंसी वालो को ठगा करते थे। ठग जस्ट डायल के माध्यम से फॉरेन मनी एक्सचेंज वालो के बारे में जानकारी लेकर उनको मनी एक्सचेंजर को कॉल कर दोनों ठग तत्काल विदेश जाना है और विदेशी करेंसी चाहिए। करेंसी की होम डिलवरी गलत पते पर बुलाकर किया करते थे। जो व्यकि डिलवरी करने आता उसको कार में बिठाकर कहते कि हम सी बी आई वाले हैं । तुम्हारे पास मनी एक्सचेंज करने का लाइसेंस है। दस्तावेज की बाते पूछ कर डरा धमका कर फॉरेन मनी लेकर फरार हो जाते थे। दिंडोशी पुलिस स्टेशन में २३ फरवरी को ११,४१,७०० रुपये के २९०० अमेरिकन डॉलर, ११०० सिंगापुर डॉलर के ठगी का मामला फर्यादी द्वारा कराया गया। जीसके बाद पुलिस ने जाल बिछाकर जस्ट डायल से ही फॉरेन मनी एक्सचेंज वालो की जानकारी लेकर पुलिस ने बात किया कि अगर आपके पास फॉरेन मनी एक्सचेंज की तत्काल डिलवरी की बात हो तो उनका जानकारी दे दिया जाय।

जिसके बाद पुलिस तहकीकात के बाद दोनों ठगों को गिरफ्तार किया।

दोनों ठग जस्ट डायल के माध्यम से फॉरेन मनी एक्सचेंज वालो के बारे में जानकारी लेकर ठगी किया करते थे। दोनों ठगों पर मुम्बई के कई पुलिस पुलिस स्टेशन में मामले दर्ज है।

आरोपी जेठाराम उद्धाराम माली -३२ जो सांताक्रुज में रहता है ।उसके ऊपर चोरी के ५ मामले दर्ज है और राजकुमार राजबली दुबे को ट्रैप लगाकर गिरफ्तार किया गया।

सहारा फाउंडेशन द्वारा महिला दिवस संपन्न

८ मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मोके पर सहारा फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती खैरुन्निसा इमरान शेख ने५०० से ज़्यादा महिलाओ की हौसला अफ़ज़ाई की औरतोहफो से नवाज़ा। इस कार्यक्रम में कुर्ला पुलिस ठाणे के महिला पुलिसकर्मियों ने भी भाग लिया और महिला पुलिस उप निरीक्षकजाधव ने महिलाओ का मार्ग-दर्शन किया जिस में उन्होंनेमहिला दिवस के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम में छोटीबच्चियों ने भी भाग लिया, जिस के लिए उन बच्चियों को भीइनाम से नवाज़ा गया।

भारत के चाइनामैन गेंदबाज के कोच का सम्मान समारोह संपन्न

भारत के क्रिकेट टीम के चाइना मैन गेदबाज कुलदीप यादव के कोच कपिल पाण्डेय को रोबर्स मैदान पर ग्लोबल बिलियसं अवार्ड से सम्मानित किया गया।

कानपुर के रोबर्स मैदान पर चाइनामैन गेदबाज कुलदीप यादव ने अपने कोच कपिल पांडे से टेनिग ली थी। देश , विदेश में चाइनामैन गेदबाज कुलदीप यादव के कोच कपिल पाण्डेय को एंटी करप्शन फाउंडेश ऑफ इंडिया की टीम ने ग्लोबल बिलियसं अवार्ड से सम्मानित किया गया।

एंटी करप्शन फाउंडेश ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि भारत के चाइनामैन गेदबाज कुलदीप यादव अपनी गेंदबाजी से पूरे विश्व में अपना व कानपुर का नाम रोशन किया है। किसी भी

ग्लोबल बिलियसं अवार्ड

खिलाड़ी की सफलता में उसके कोच का बहुत महत्व होता है। कुलदीप ने अपनी गेंदबाजी से विश्व में विख्यात प्राप्त कई बल्लेबाजों को अपना शिकार बना कर भारतीय टीम को जीत दिलाई है। हमारी टीम आज उनके कोच कपिल पांडे को ग्लोबल बिलियसं अवार्ड से सम्मानित कर गर्व का अनुभव कर रही है। आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि इस मैदान से कपिल पाण्डेय कई और अन्तरराष्ट्रीय खिलाड़ी तैयार करेगे।

चाइना मैन गेदबाज कुलदीप यादव के कोच कपिल पाण्डेय ने कहा कि कुलदीप यादव तेज गेंदबाज बनने के लिए टेनिग लेने आया था, लेकिन उसका कद छोटा होने के कारण हमने स्पिनर बालिग कराने की बात कही, तो उसने हमारी बात मान कर आस्ट्रेलिया के स्पिनर शेन वॉर्न को आदर्श बना कर प्रैक्टिस करता रहा, जिस कारण से आज विश्व मे दूसरे नम्बर का बालर बन गया है। ईश्वर से प्रार्थना करते हैं वह भारत को वर्ल्ड कप जीताने में अपना सम्पूर्ण योगदान दे। इस अवार्ड सम्मान समारोह में नेशनल जनरल सेक्रेटरी पवन शर्मा, राष्ट्रीय संहयोजक व सलाहकार अश्वनी कम्बोज, डिस्ट्रिक्ट इंचार्ज दिलीप कुमार मिश्रा, जनसेवक हरीश जायसवाल आदि लोग मौजूद रहे।

आमना सामना मीडिया की वीडियो जर्नलिस्ट, टेक्निकल एडिटर शाहीन पटेल को रतन अवार्ड

दिनांक ९ मार्च २०१९ को एफएम बैंक्वेट हॉल ८ -बी उद्योग नगर कामत क्लब लेन सवामी विवेकानंद रोड गोरेगांव पश्चिम मुंबई ४००१०४ में राष्ट्रीय मानवाधिकार और सामाजिक न्याय आयोग की जानिब से महिला दिवस मनाया गया इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय मानवाधिकार और सामाजिक न्याय आयोग की जानिब से आमना सामना मीडिया की वीडियो जौर्नालिस्ट , टेक्निकल एडिटर शाहीन पटेल को रतन अवार्ड से नवाज़ा गया और आमना सामना मीडिया नेटवर्क के दस्ते को सभी ने बोहत बोहत मुबारक बाद दी.

बोइंग ७३७ मैक्स ८ विमानों के ऊपर रोक, ३० से अधिक स्पाइसजेट उड़ानें कल प्रभावित होंगी

नागरिक उड्डयन सचिव पी एस खारोला ने बुधवार को कहाकि भारतीय एयरलाइंस द्वारा संचालित किए जा रहे सभीबोइंग ७३७ मैक्स ८ विमानों को जमींदोज कर दिया गया है।गुरुवार को एक 'चुनौतीपूर्ण' दिन होगा, उन्होंनेसंवाददाताओं से कहा।

विमान सेवा पर प्रतिबंध लगाना विभिन्न एजेंसियों के रायऔर प्रतिक्रियों पर आधारित होगा और यह जल्द ही नहींहोगा, नागर विमानन महानिदेशालय (अउर्ण) के प्रमुख बीएस भुल्लर ने कहा। डीजीसीए ने मंगलवार रात विमान को जमीन परउतारने के अपने फैसले की घोषणा की। स्पाइसजेट के बेड़े में १२ ऐसे विमान हैं और जेट एयरवेज केपास ५ विमान हैं, जो पहले ही जमींदोज हो चुके हैं।

अधिकारियों के अनुसार, कल ३०-३५ स्पाइसजेट कीउड़ानों के प्रभावित होने की संभावना है। खारोला ने कहाकि स्पाइस जेट अपनी उड़ानों में ज्यादातर यात्रियों कोसमायोजित करेगा। अगर जरूरत पड़ी तो अन्य संचालकइसमें मदद करेंगे।

उन्होंने कहा कि ऑपरेटरों ने 'शिकारी मूल्य निर्धारण'(ज़ूंदेब ज़ेम्हु) में शामिल नहीं होने के लिए भीसहमति व्यक्त की है। विमान को उतारने का निर्णयइथियोपिया एयरलाइंस द्वारा संचालित ७३७ मैक्स ८ विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के दिनों के बाद आया, जो किअदीस अबाबा के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें चारभारतीयों सहित १५७ लोगों की मौत हो गई।

सरकारी विज्ञापनों के बैनर- पोस्टर हटाने का काम शुरू

मुंबई : चुनाव की घोषणा होते ही पूरे देश में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। इसलिए मतदाताओं को प्रभावित करने वाले सरकारी विज्ञापनों को हटाने का काम मुंबई में शुरु हो गया है। यह जानकारी सरकार की तरफ से दी गई है। महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रवक्ता सचिन पाटील ने बुधवार को चुनाव आयोग से शिकायत किए जाने के बाद यह सरकारी स्तर पर यह खुलासा किया गया है।

सांवत ने चुनाव आयोग से लिखित शिकायत की है कि चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद भी राज्य भर में बस अड्डों, बस स्टॉप और पेट्रोल पंपों समेत सार्वजनिक जगहों आदि पर अब भी सरकारी विज्ञापन लगे हुए हैं। इसके लिए उन्होंने चुनाव आयोग के आदेश पर अमल न करने और चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अपराध दर्ज करने की मांग की है।

सक्रिय हुआ तंत्र

इसके बाद मुंबई उपनगर के कलेक्टर और जिला चुनाव अधिकारी के हवाले से सरकारी स्तर पर एक विज्ञप्ति जारी कर सूचना दी गई कि मुंबई उपनगर जिले में आचार संहिता का पालन किया जा रहा है। अब तक १० हजार ६९१ विज्ञापनों के होर्डिंग हटा दिए गए हैं।

विवेक तिवारी हत्याकांड: पुलिस की थ्योरी गलत, गोली चलाने वाले सिपाही प्रशांत और संदीप पर चलेगा हत्या का केस

लखनऊ: उत्तर प्रदेश की राजधानी में पिछले साल पुलिस की गोलियों से भून डाले गए एप्पल कंपनी के एरिया मैनेजर विवेक तिवारी केस में कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है. कोर्ट ने उत्तर प्रदेश पुलिस के आरोपी सिपाही संदीप कुमार पर हत्या का केस चलाने का आदेश दिया है.सीजेएम कोर्ट में आरोपपत्र दाखिल करते हुए सिपाही प्रशांत कुमार को हत्या का दोषी बताया गया था जबकि इस मामले में सह आरोपी सिपाही संदीप के खिलाफ केवल मारपीट की धारा में आरोपपत्र दाखिल किया गया था. दोनों ही आरोपी फिलहाल जेल में बंद हैं.आरोपपत्र में कई साक्ष्यों का हवाला देते हुए प्रशांत को केवल हत्या का दोषी कहा गया था. मामले की जांच कर रहे इंस्पेक्टर महानगर, विकास पांडे ने यह आरोपपत्र दाखिल किया था. इससे पहले एसआईटी प्रमुख आईजी लखनऊ सुजीत पांडे ने एडीजी लखनऊ को एसआईटी रिपोर्ट सौंप थी.

एसआईटी जांच के मुताबिक, वारदात के समय विवेक तिवारी की गाड़ी चल रही थी और विवेक की गाड़ी से सिपाही प्रशांत और संदीप की जान खतरे में नहीं थी. इन हालात में, सीधे निशाना लेकर विवेक पर गोली चलाना फायरिंग की ट्रेनिंग के खिलाफ है.आरोपपत्र में कहा गया था कि एयर बैग खुले होने से साबित हुआ है कि गाड़ी चल रही थी और सीट बेल्ट पर खून के निशान भी मिले हैं. आरोपपत्र रिपोर्ट के अनुसार जिस पिस्टल से गोली मारी गई वह सिपाही प्रशांत कुमार के नाम पर थी.प्रशांत को मालूम था कि गोली चलाने का अंजाम क्या हो सकता है. फॉरेंसिक सबूतों से यह बात साबित हुई है. चार्जशीट में सिपाही प्रशांत चौधरी के खिलाफ हत्या की धारा लगाते हुए पूरी वारदात का मुख्य आरोपी बताया गया था.गौरतलब है कि एप्पल एरिया सेल्स मैनेजर विवेक तिवारी की गोमतीनगर में २८ सितंबर की रात गोली मारकर हत्या के आरोप में आरक्षी प्रशांत चौधरी और संदीप कुमार को अगले ही दिन बर्खास्त करके जेल भेजा गया था.

दिल्ली CNG कार हादसा: मृतक महिला के परिवार ने दामाद पर लगाया हत्या का आरोप, जांच की मांग

नई दिल्ली: रविवार शाम दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर के पास एक गाड़ी में अचानक आग लगने से एक महिला और उसकी दो बेटियों की मौत हो गई. जबकि कार चला रहे महिला का पति और एक बेटी की जान बच गई. इस घटना में मृतक महिला अंजना मिश्रा के परिवार वालों ने गंभीर आरोप लगाए हैं और मामले की जांच की मांग की है. मृतका के परिवार का आरोप, ३ बेटियों के जन्म से खुश नहीं था उपेंद्र दिल्ली के लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में शवगृह के बाहर मौजूद मृतक महिला अंजना मिश्रा के परिवावालों ने बात करते हुए आरोप लगाया कि ये हादसा नहीं बल्कि एक साजिश है. अंजना के पति उपेन्द्र मिश्रा के अलावा उसकी ४ साल की बेटी निक्की भी इस घटना में बच गई. अंजना के परिवार वालों का कहना है कि निक्की बार बार हाथ से इशारा करके बताती है कि पापा ने माचिस से जलाया. परिवारवालों का आरोप है कि उपेन्द्र, अंजना को पसंद नहीं

करता था और अक्सर मारता पीटता था. ३ बेटियां होने की वजह से भी वो खुश नहीं था.मृतक अंजना के भाई का कहना है कि उपेन्द्र के खिलाफ पुलिस में शिकायत करने से वो मना करता थी. जिस कार में आग लगी वो कार उपेन्द्र ने कब खरीदी या कहां से आई इस बात को लेकर भी अंजना के घरवालों को कुछ नहीं पता. परिवार इस घटना कि जांच की मांग कर रहा है. जबकि अंजना के परिवार वालों के आरोपों पर उपेन्द्र का कहना है कि वो हर तरह की जांच के लिए तैयार है. २००५ में हुई थी अंजना और उपेंद्र की शादी अंजना और उपेन्द्र की शादी २००५ में हुई थी. ३ साल पहले ये लोग गाजियाबाद के लोनी में शिफ्ट हुए थे. अंजना के पति उपेन्द्र ने बताया कि जिस कार में आग लगी वो बीते शुक्रवार को ही एक एप बेस्ड टैक्सी कंपनी से उसने ली थी. सोमवार से उसके भाई को गाड़ी टैक्सी कंपनी के लिए चलाना शुरू करना था. गाड़ी २०१८ मॉडल की सेकंड हैंड थी और पहले से ही सीएनजी फिट थी.

बता दे कि रविवार शाम गाजियाबाद के लोनी इलाके में रहने वाले उपेन्द्र मिश्रा अपनी पत्नी अंजना और तीन बेटियों माही (६ साल), सिद्धि (४ साल) और निक्की (१ साल) के साथ कालकाजी मंदिर दर्शन करने के बाद अक्षरधाम मंदिर की तरफ जा रहे थे. तभी अक्षरधाम मेट्रो स्टेशन के पास फ्लाईओवर पर उनकी गाड़ी मे अचानक आग लग गयी. उपेन्द्र अपनी एक ४ साल की बेटी निक्की के साथ बाहर निकलने में कामयाब हो गए. लेकिन पत्नी और २ बेटियां गाड़ी में ही फसी रह गईं.

चलती ट्रेन में युवती से छेड़छाड़ आरोपी गिरफ्तार

मुंबई : चलती ट्रेन में १८ वर्षीय एक लड़की के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपी युवक को रेलवे पुलिस ने यात्रियों की मदद से गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम शादाब शेख है, जो विक्रोली का रहने वाला है। घटना वडाला स्टेशन की है।

जानकारी के मुताबिक, ट्रेन में भीड़ का फायदा उठा कर २६ वर्षीय शादाब शेख डिब्बे में मौजूद एक लड़की को आपत्तिजनक तरीके से छू रहा था। लड़की ने पहले तो भीड़ की वजह से शादाब की ओर ध्यान नहीं दिया, लेकिन जब आरोपी की हरकतें बढ़ने लगीं, तो लड़की ने चिल्लाना शुरू किया। मौके पर मौजूद यात्रियों ने शादाब को पकड़कर वडाला रेलवे पुलिस के हवाले कर दिया।

जम्मू बस स्टैंड पर ग्रेनेड फेंकने वाला आरोपी गिरफ्तार: DGP

जम्मू , जम्मू के एक बस स्टैंड पर गुरुवार दोपहर जोरदार धमाका हुआ। पुलिस के मुताबिक ग्रेनेड अटैक में ३२ लोग घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक घायल की मौत हो गई है। सुरक्षाकर्मियों ने इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया। जम्मू-कश्मीर के डीजीपी दिलबाग सिंह ने बताया कि सुरक्षा बलों ने ग्रेनेड फेंकने वाले को गिरफ्तार कर लिया है।

आपको बता दें कि पुलवामा आतंकी हमले के बाद से ही जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाकर्मियों को अलर्ट पर रखा गया है। जम्मू के आईजी मनीष सिन्हा ने बताया कि यह ग्रेनेड से किया गया हमला था। घटनास्थल पर मौजूद लोगों के अनुसार एक संदिग्ध हमलावर ने ग्रेनेड से हमला किया और मौके से फरार हो गया। IG का कहना है कि हमले का मकसद सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ना था। इस विस्फोट में १७ साल के मोहम्मद शारिक की मौत हो गई। गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) अस्पताल की प्रधानाचार्या सुनंदा रैना ने बताया, 'अब तक ३२ घायलों को यहां लाया गया है। इनमें से तीन की हालत गंभीर है और दो का ऑपरेशन किया जा रहा है।' जम्मू के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) एम के सिन्हा ने बताया कि प्रारंभिक जांच से लगता है कि किसी ने दोपहर के वक्त बस स्टैंड इलाके में हथगोला फेंका, जिसके चलते विस्फोट हुआ।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट में बस स्टैंड पर खड़ी सरकारी बस को बहुत ज्यादा नुकसान हुआ। आईजी ने कहा, 'जब भी चौकसी ज्यादा होती है, हम जांच-पड़ताल सख्त कर देते हैं लेकिन किसी-किसी के उससे बच निकलने की आशंका रहती है और यह ऐसा ही मामला लग रहा है।' उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने का आग्रह करते हुए कहा, 'निश्चित तौर पर मंशा सांप्रदायिक शांति एवं सौहार्द बिगाड़ने की थी।'

रिपोर्ट के मुताबिक धमाके में चाइनीज ग्रेनेड का इस्तेमाल किया गया है। बताया जा रहा है कि पहले भी यह इलाका आतंकियों के निशाने पर रहा है। टाइम्स नाउ के मुताबिक शुरुआती जांच में सामने आ रहा है कि इस धमाके का मकसद सांप्रदायिक तनाव पैदा करना था। ऐसे में प्रशासन की ओर से आगाह किया गया है कि अफवाहों पर ध्यान न दें। प्रशासन ने जम्मू-कश्मीर की जनता से शांति बनाए रखने की अपील की है। ग्रेनेड धमाका इतना जबर्दस्त था कि आसपास की कई बसों को भी नुकसान पहुंचा है। पिछले साल २९ दिसंबर को भी आतंकियों ने बस स्टैंड को निशाना बनाया था। उस समय आतंकी बस स्टैंड पर ग्रेनेड फेंककर भाग गए थे। तब कोई नुकसान नहीं हुआ था। हालांकि बड़ा सवाल यह है कि बस स्टेशन के पास ही पुलिस स्टेशन भी है फिर भी आतंकी अपने मंसूबे में कामयाब हो गए।

मॉडल, कलाकार, हेल्पर की जरूरत है

CINE, T. V. ARTISTS AND WORKERS ASSOCIA-TION (REGD.)

अच्छे मियाँ

कार्ड भी बनाकर दिया जाएगा... कार्ड की कीमत २५००/-

(Regd. No. A.L.C. -17-10174 Under Trade Union Act, 1926 With Government of Maharashtra)
Heena Arcade,Shop No16, S. V. Road, Jogeshwari (W), Mumbai-102
Tel. : 022-66989738 - 9220541108/ 08433238738

New Huma Caterers ®

Jogeshwari

★ We Have No Branch ★

Mohd. Salim
9820710325 / 9967865102
9867868339 / 26790046

: Address :
Shop No. 1, Old Ghaswala Stable, Next to Syndicate Bank, S.V. Road, Jogeshwari (W), Mumbai - 400 102.

Web.: www.newhumacaterers.com
E-mail : newhumacaterers@gmail.com

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - असगर अमीन शाह द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 3-4 अमीन इंड. इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.2, जवाहर नगर फाटक ब्रिज के पास, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063 से मुद्रित कर रुम नं. जी-16, अमीन पारसी चाल, एस. वी. रोड, जोगेश्वरी (पश्चिम), मुंबई-400102 से प्रकाशित संपादक-असगर अमीन शाह